वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारतीय बाजार स्थिर, क्रिप्टो करेंसी को लेकर ये बोलीं वित्त मंत्री

नई दिल्ली ।
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भारतीय शेयर बाजार स्थिर बना हुआ है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा कि बाजार को उसके हिसाब से चलने देना चाहिए। वित्त मंत्री का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के बाद आया है, जिसमें बुच ने आशंका जाहिर की थी कि छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक में कुछ हेराफेरी हो सकती है और सेबी इसकी जांच कर रही है।

शेयर मार्केट को लेकर वित्त मंत्री ने कही ये बात - एक कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं बाजार को उसके हिसाब से चलने की छूट दूंगी। हमें इसे मार्केट पर ही छोड़ देना चाहिए। हम सभी देख रहे हैं कि वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल चल रही है, लेकिन इसके बावजूद भारतीय बाजार स्थिर दिख रहा है। इसमें बहुत ज्यादा उठा-पटक नहीं हो रही है। इसलिए मेरा बाजार पर पूरा विश्वास है। वित्त मंत्री ने कहा कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव आम बात है और मार्केट में ये सब चलता रहता है। उन्होंने कहा कि रिटेल निवेशकों का पैसा अब सीधे स्टॉक मार्केट में जा रहा है, लोग डीमैट अकाउंट खुलवाकर सीधे मार्केट में पैसे लगा रहे हैं। साल 2020 से इस ट्रेंड में तेजी आई है।

क्रिप्टो को करेंसी मानने से इनकार - क्रिप्टो करेंसी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि क्रिप्टो कभी भी करेंसी नहीं बन सकती और भारत सरकार का यही स्टैंड है। करेंसी सरकार या केंद्रीय बैंक द्वारा ही जारी की जाती है। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी को लेकर वैश्विक स्तर पर एक फ्रेमवर्क बनाने की मांग की और कहा कि जी20 की बैठक के दौरान भी इस पर चर्चा हुई थी। इस हफ्ते की शुरुआत में भी सेबी ने इस बात की आशंका जताई थी कि शेयर मार्केट में छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक की कीमतों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है, जिससे बाजार में एक तरह की भ्रम की स्थिति बनी हुई है। सेबी ने निवेशकों को सोच-विचार करके ही निवेश करने की सलाह दी।

न्यूज ब्रीफ

देश में घरेलू हवाई यातायात का प्रतिशत बढ़ा, सामने आए आधिकारिक आंकड़े

नई दिल्ली । डीजीसीए यानी नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा घरेलू हवाई यातायात को लेकर आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में घरेलू हवाई यातायात सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़कर 126.48 लाख हो गया। जबकि इसी अवधि के दौरान उड़ान में देरी से 1.55 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। फरवरी में, एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत से बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 60.2 प्रतिशत से मामूली गिरावट के साथ 60.1 प्रतिशत हो गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि फरवरी में घरेलू हवाई यातायात बढ़कर 126.48 लाख हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 120.69 लाख था। हालांकि, जनवरी में ट्रैफ़िक 1.31 करोड़ से कम दर्ज किया गया था। एयलाइन कंपनियों की सालाना रिपोर्ट डीजीसीए ने कहा कि 'जनवरी-फरवरी 2024 के दौरान घरेलू एयरलाइंस द्वारा यात्रियों की संख्या 257.78 लाख थी, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान यह संख्या 246.11 लाख थी। इस तरह से 4.74 प्रतिशत की वार्षिक और 4.80 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की गई। फरवरी में उड़ान में देरी के कारण 1,55,387 यात्री प्रभावित हुए और अनुसूचित वाहकों ने सुविधा के लिए 222.11 लाख रुपये खर्च किए। डीजीसीए ने यह भी कहा कि फ्लाइट्स रद्द होने से 29,143 यात्री प्रभावित हुए। इस वजह से एयरलाइंस ने मुआवजे और सुविधाओं पर 99.96 लाख रुपये खर्च किए। पिछले महीने यानी फरवरी में 917 यात्री बोर्डिंग से इनकार के कारण प्रभावित हुए थे। ऐसे में एयरलाइंस द्वारा मुआवजे और सुविधाओं के लिए 78.19 लाख रुपये की राशि खर्च गई थी। इसके अलावा फरवरी में निर्धारित घरेलू एयरलाइनों को कुल 791 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं और प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 0.63 थी। आंकड़ों से पता चला है कि 37.8 प्रतिशत यात्रियों की शिकायतें उड़ान की समस्याओं के बारे में थीं। पिछले महीने, स्पाइसजेट की घरेलू बाजार हिस्सेदारी 5.6 प्रतिशत से घटकर 5.2 प्रतिशत हो गई, विस्तारा और अकासा एयर अपनी हिस्सेदारी क्रमशः 9.9 प्रतिशत और 4.5 प्रतिशत पर बनाए रखने में कामयाब रहे। फरवरी में 6.1 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जो पिछले महीने की ही तरह थी। इसी तरह एलायंस एयर की हिस्सेदारी पिछले महीने की तरह 1 प्रतिशत पर ही रही। ऑन टाइम परफॉर्मेंस में कौन अव्वल आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में एयर इंडिया का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) 56.4 फीसदी रहा जबकि स्पाइसजेट का 59.1 फीसदी रहा। ऑन-टाइम परफॉर्मेंस को लेकर बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई जैसे चार मेट्रो हवाई अड्डों के लिए गणना की गई। ऑन-टाइम परफॉर्मेंस के मामले में विस्तारा 67.4 प्रतिशत पर रहा। इसके अलावा इंडिगो 72.7 प्रतिशत और अकासा एयर 72.9 प्रतिशत पर रहा। फरवरी में एआईएक्स कनेक्ट का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस 73.5 फीसदी पर पहुंच गया। डीजीसीए ने कहा कि 'फरवरी 2024 के महीने के लिए निर्धारित घरेलू एयरलाइनों की कुल रद्दीकरण दर 0.90 प्रतिशत रही।' जूम के लिए सबसे अधिक 7.69 प्रतिशत रद्दीकरण दर रही थी। अकासा एयर के लिए रद्दीकरण दर सबसे कम 0.30 प्रतिशत रही। फ्लाई बिग की रद्दीकरण दर 7.41 प्रतिशत, एलायंस एयर (3.83 प्रतिशत), इंडियावन एयर (3.18 प्रतिशत), स्पाइसजेट (1.54 प्रतिशत), इंडिगो (0.84 प्रतिशत), एआईएक्स कनेक्ट (0.64 प्रतिशत) थी। एयर इंडिया (0.62 प्रतिशत)। स्टार एयर और विस्तारा के मामले में, रद्दीकरण दर क्रमशः 0.60 प्रतिशत और 0.58 प्रतिशत थी।

2030 तक जीडीपी में एक लाख करोड़ डॉलर जोड़ेंगी यूनिकॉर्न कंपनियां, देंगी 5 करोड़ रोजगार

नई दिल्ली । नई यूनिकॉर्न कंपनियां 2030 तक भारतीय जीडीपी में एक लाख करोड़ डॉलर जोड़ेंगी। साथ ही, पांच करोड़ रोजगार के नए अवसर भी मुहैया कराएंगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, 2029-30 तक अर्थव्यवस्था के 7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने और उसमें यूनिकॉर्न कंपनियों का योगदान एक लाख करोड़ डॉलर होने की कल्पना की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा, ई-कॉमर्स, अगली पीढ़ी की वित्तीय सेवाएं, विनिर्माण और सॉफ्टवेयर सेवा एवं डिजिटल जैसे क्षेत्र आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर वृद्धि को गति देने के लिए तैयार हैं। सीआईआई के अध्यक्ष आर दिनेश ने कहा, स्टार्टअप तंत्र नवाचार, जुझारू क्षमता व परिवर्तनकारी विचारों के धागों से बुना एक जीवंत चित्र है।

ईडी जांच ; 100 से अधिक कंपनियों से कनेक्शन ! कौन हैं 1368 करोड़ के महादानी सैंटियागो मार्टिन

नई दिल्ली ।
भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए चुनावी बॉन्ड का विवरण प्रकाशित किया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनाव आयोग को 12 मार्च को ये आंकड़े सौंपे थे। आंकड़ों के अनुसार, जो अब ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध है, कोयंबटूर स्थित कंपनी फ्यूचर गेमिंग व होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का नाम चुनावी बॉन्ड के सबसे बड़ा दानदाता के रूप में सामने आया। फ्यूचर गेमिंग की स्थापना 1991 में लॉटरी किंग ऑफ इंडिया सैंटियागो मार्टिन ने की थी।

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2019 से खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड के कुल मूल्य का आधा हिस्सा 23 कंपनियों का है। कोयंबटूर स्थित लॉटरी सेवा फर्म फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शीर्ष खरीदार है। ईसीआई द्वारा प्रकाशित सूची में 12,155.51 करोड़ रुपये के बॉन्ड का विवरण दिया गया है, जिसे लगभग पांच वर्षों में 1,300 से अधिक कंपनियों द्वारा खरीदा गया था।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने 1,368 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे और इस तरह यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान करने वाली अकेली कंपनी है।

जानते हैं फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बारे में 15 जरूरी बातें-

फ्यूचर गेमिंग की स्थापना 1991 में लॉटरी किंग ऑफ इंडिया सैंटियागो मार्टिन ने की थी।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री

जयललिता द्वारा 2003 में लॉटरी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद सैंटियागो मार्टिन ने अपना अधिकांश कारोबार कर्नाटक और केरल में स्थानांतरित कर दिया था।

सैंटियागो मार्टिन का फ्यूचर गेमिंग दक्षिण भारत में मार्टिन कर्नाटक के रूप में एक सहायक कंपनी के तहत संचालित होता है, और नॉर्थ ईस्ट में, इसने मार्टिन सिक्किम लॉटरी खोली। मार्टिन को सिक्किम लॉटरी का मास्टर डिस्ट्रीब्यूटर कहा जाता था।

फ्यूचर गेमिंग 13 राज्यों में 1,000 से अधिक कर्मचारियों के कार्यबल का दावा करता है। इन राज्यों में लॉटरी कानूनी रूप से वैध है। ये 13 राज्य हैं अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, सिक्किम और पश्चिम बंगाल। नागालैंड और सिक्किम में फ्यूचर लोकप्रिय डियर लॉटरी का एकमात्र वितरक है।

गेमिंग वेबसाइट के अनुसार सैंटियागो मार्टिन लाइबेरिया के लिए कॉन्सल जनरल भी थे, वहां भी उन्होंने लॉटरी उद्योग की स्थापना की थी।

सैंटियागो मार्टिन लॉटरी वितरकों, स्टॉकिस्टों और एजेंटों की लॉबी ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ लॉटरी ट्रेड एंड एलाइड इंडस्ट्री के अध्यक्ष भी हैं।

फ्यूचर गेमिंग कानूनी मामलों में उलझा रहा है। 2022 में, प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और इसके विभिन्न उप-वितरकों की 409 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की थी।

ईडी ने तब कहा था कि लॉटरी टिकटों की बिक्री की आय को अवैध रूप से उपहार और इन्सेंटिव देने में इस्तेमाल किया जा रहा है। दावा किया गया था कि कंपनी ने 2014 और 2017 के बीच अवैध रूप से लगभग 400 करोड़ रुपये का दावा किया है।

9 मार्च 2024 को, ईडी ने तमिलनाडु में कथित अवैध रेत खनन की जांच से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की पड़ताल के हिस्से के रूप में तमिलनाडु में लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के दामाद आधार अर्जुन के परिसर में तलाशी ली थी।

ईडी ने सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक अन्य मामले की जांच की है, जो सिक्किम सरकार की लॉटरी की बिक्री से संबंधित कथित अपराधों के लिए उनके और अन्य के खिलाफ सीबीआई के मामले से उपजा है।

पब्लिक डोमेन में उपलब्ध जानकारी के अनुसार कंपनी के एक निदेशक मार्टिन सेंटियागो देश की 114 अलग-अलग कंपनियों में निदेशक के तौर पर जुड़े हुए हैं। वे 30 दिसंबर 1991 से कंपनी के निदेशक हैं। उनका डीआईएन नंबर 00029458 है।

फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के दूसरे निदेशक मनिक्का गौडर शिवप्रकाश भी देश की करीब 22 अलग-अलग कंपनियों में निदेशक के तौर पर जुड़े हुए हैं। वे 22 अगस्त, 2022 से कंपनी के निदेशक हैं। उनका डीआईएन नंबर 08109321 है। कंपनी अपने दोनों निदेशकों के माध्यम से देश की 118 कंपनियों से जुड़ी हुई है।

फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 30 दिसंबर, 1991 को रजिस्टर्ड एक गैर सूचीबद्ध निजी कंपनी है। यह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है और यह तमिलनाडु के कोयंबटूर में स्थित है। इसकी अधिकृत शेयर पूंजी 50.00 करोड़ रुपये है और कुल चुकता पूंजी (पेड अप कैपिटल) 10.07 करोड़ रुपये है। 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज़ का परिचालन राजस्व 500 करोड़ से अधिक था। इस दौरान कंपनी में उससे पिछले वर्ष की तुलना में 1.92 प्रतिशत की कमी आई थी। हालांकि, कंपनी का बुक नेटवर्थ उस दौरान 3.38 फीसदी बढ़ा था। यह कंपनी लॉटरी वितरक के रूप में काम करती है।

एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज को महाराष्ट्र में मिला 800 करोड़ रुपये का साइबर सुरक्षा का काम

नई दिल्ली ।
एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (एलटीटीएस) ने बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य साइबर विभाग से लगभग 100 मिलियन डॉलर (लगभग 800 करोड़ रुपये) का साइबर सुरक्षा का काम मिला है।

एलटीटीएस की ओर से कहा गया कि वह राज्य में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) संचालित साइबर सुरक्षा और डिजिटल खतरा विश्लेषण केंद्र स्थापित करेगा। इससे नागरिक साइबर सुरक्षा और जागरूकता बढ़ेगी।

एलटीटीएस के सीईओ और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा ने कहा,यह 25 से अधिक कमांड सेंटर स्थापित करने और साइबर सुरक्षा की बढ़ती गंभीरता और समाज के लाभ के लिए उन्नत डिजिटल सुरक्षा प्लेटफार्मों और उपकरणों में निवेश की आवश्यकता को पहचानने में हमारे अनुभव का लाभ उठाने का एक अवसर है। इसके तहत एलटीटीएस, अपने फोरेंसिक पार्टनर के रूप में केपीएमजी एश्योरेंस एंड कंसल्टिंग सर्विसेज के साथ मिलकर राज्य के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में उन्नत साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और विश्लेषण के आधार पर जांच के लिए एक केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी) भी होगी।

केपीएमजी के भारत में सीईओ येज्दी नागपोरवाला ने कहा, फोरेंसिक सेवा भागीदार के रूप में महाराष्ट्र राज्य साइबर विभाग और एलटीटीएस के साथ सहयोग करना केपीएमजी के लिए गर्व की बात है। यह साइबर खतरों से निपटने के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करके सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गौरतलब है कि एलटीटीएस लार्सन एंड टुब्रो की एक सूचीबद्ध सहायक कंपनी है और इसके ग्राहकों की सूची में 69 फॉर्च्यून 500 कंपनियां और दुनिया की 57 शीर्ष इंजीनियरिंग अनुसंधान और विकास (ईआर एंड डी) कंपनियां शामिल हैं।

क्विक सप्लाई तीसरी सबसे बड़ी चुनावी बॉण्ड खरीदार; रिलायंस से संबंध का दावा, पर कंपनी ने नकारा

नई दिल्ली ।
क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को दान करने वाली तीसरी सबसे बड़ी दानकर्ता है। क्विक सप्लाई नवी मुंबई के धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) के पंजीकृत पते वाली कंपनी है। दावा किया जा रहा है कि यह रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी है पर इस कंपनी का नाम अब तक कम ही लोगों ने सुना है

कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच 410 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे। हालांकि, रिलायंस ने कहा है कि यह कंपनी रिलायंस की किसी भी इकाई की सब्सिडियरी कंपनी नहीं है। चुनाव आयोग की ओर से अपनी वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार, क्विक सप्लाई के अलावे एक अन्य कम प्रसिद्ध

लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये और हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने 966 करोड़ रुपये राजनीतिक पार्टियों को दिए हैं। सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार क्विक सप्लाई गोदामों और भंडारण इकाइयों का निर्माण करता है। इस गैर-सूचीबद्ध निजी कंपनी का नौ नवंबर 2000 को 130.99 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ निबंधन कराया गया था। इसकी चुकता पूंजी 129.99 करोड़ रुपये है। अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 में कंपनी का राजस्व 500 करोड़ रुपये से अधिक था। हालांकि कंपनी के मुनाफे का आंकड़ा ज्ञात नहीं है।

सोने और चांदी के भाव तेजी पर खुले, सोना 65,700, चांदी 75,500 रुपए

नई दिल्ली ।
देश के सराफा बाजार में सोने व चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी साथ खुले। सोना 65,700 हजार रुपये और चांदी 75,500 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 64 रुपये की तेजी के साथ 65,659 रुपये के भाव पर खुला और 85 रुपये की तेजी के साथ 65,680 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 81 रुपये की तेजी के साथ 75,307 रुपये के भाव पर खुला। जो 259 रुपये की तेजी के साथ 75,485 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में

सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट और चांदी वायदा भाव की तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,166.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,167.50 डॉलर था। फिलहाल यह .030 डॉलर की तेजी के साथ 2,167.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 25.03 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 25.06 डॉलर था। फिलहाल यह 0.14 डॉलर की तेजी के साथ 25.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

दो रुपये सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, लोकसभा चुनाव से पहले सरकार की घोषणा

नई दिल्ली ।
लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने एक और बड़ा फैसला किया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी करने का फैसला किया है। नई दरें कल सुबह यानी 15 मार्च सुबह छह बजे से लागू होंगी। राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो फिलहाल 96.72 रुपये प्रति लीटर है। ऐसे ही डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम 2 रुपये कम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि करोड़ों भारतीयों के अपने परिवार का हित और सुविधा सदैव उनका लक्ष्य है। केंद्रीय मंत्री ने महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता के जरिए पीएम मोदी की सराहना की।

उन्होंने लिखा...

वसुधा का नेता कौन हुआ
भूखण्ड-विजेता कौन हुआ
अतुलित यश क्रेता कौन हुआ
नव-धर्म प्रणेता कौन हुआ
जिसने न कभी आराम किया,

विघ्नों में रहकर नाम किया।

तेल संकट के बावजूद नहीं बढ़ाए दाम - उन्होंने लिखा, जब विश्व मुश्किल दौर से गुजर रहा था, विकसित और विकासशील देशों में पेट्रोल के दामों में 50-72 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई और हमारे आसपास के कई देशों में तो पेट्रोल मिलना ही बंद हो गया तब भी 1973 के बाद आए 50 साल के सबसे बड़े तेल संकट के बावजूद पीएम मोदी के दूरदर्शी और सहज नेतृत्व के कारण मोदी के परिवार पर आंच नहीं आई। भारत में पेट्रोल के दाम बढ़ने के बजाय पिछले ढाई बर्षों में 4.65 प्रतिशत कम हुए!

उन्होंने आगे लिखा, भारत में ईंधन की सप्लाई निरंतर बनी रही, सस्ते दामों पर बनी रही और हमारे कदम निरंतर हरित ऊर्जा की ओर भी बढ़ते रहे। यानि भारत ने ऊर्जा उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता को बरकरार रखा। भारत इकलौता ऐसा देश था, जहां पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े नहीं, बल्कि कम हुए। हमने जहां से हुआ अपने देशवासियों के लिए तेल खरीदा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले हम 27 देशों से कच्चा तेल खरीदते थे, लेकिन उनके नेतृत्व में अपने देशवासियों को सस्ता पेट्रोल, डीजल और गैस पहुंचाने के लिए इस दायरे को बढ़ाया और अब हम 39 देशों से मोदी के परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए कच्चा तेल खरीदते हैं।

अन्य देशों की तुलना में भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम - उन्होंने बताया कि तब का तब था, लेकिन आज भी कई देशों की तुलना में भारत में पेट्रोल के दाम देखिए! 14 मार्च 2024 को रुपये के आधार पर भारत में पेट्रोल औसतन 94 प्रति लीटर है, लेकिन इटली में 168.01 यानी 79 प्रतिशत अधिक, फ्रांस में 166.87 यानी 78 प्रतिशत अधिक, जर्मनी में 159.57 यानी 70 प्रतिशत अधिक और स्पेन में 145.13 यानी 54 प्रतिशत अधिक! और ऐसे ही डीजल के दामों की तुलना कीजिए तो यदि भारत की औसत 87 प्रति लीटर है तो इटली में 163.21 यानी 88 प्रतिशत अधिक, फ्रांस में 161.57 यानी 86 प्रतिशत अधिक, जर्मनी में 155.68 यानी 79 प्रतिशत अधिक और स्पेन में 138.07 यानी 59 प्रतिशत अधिक! उन्होंने आगे लिखा, दुनिया भर में चाहे कुछ भी हो रहा हो पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा पूरा प्रयास रहा की देश के हर कोने में और हर नागरिक तक ईंधन की सप्लाई बनी रहे। हर चूल्हा जलता रहे, हर गाड़ी चलती रहे, प्रगति की गति में ना कभी कमी आए और ना कोई रुकावट। आज भी हालांकि लाल सागर में संकट बना ही हुआ है, परंतु जैसे ही कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय दामों में कुछ राहत हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुरंत पेट्रोल और डीजल के दाम कम करके अपने परिवार को एक और उपहार दिया।

नवंबर 2022 से अब तक पेट्रोल 15 और डीजल 17 सस्ता - उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने दो अवसरों पर नवंबर 2021 और मई 2022 में पेट्रोल और डीजल पर सेंट्रल एक्साइज कम किया और ये सुनिश्चित किया कि भाजपा शासित राज्य वैट की दर कम करके ये राहत सीधा मोदी के परिवार को पहुंचाएं। यही कारण है कि आज भी भाजपा शासित और अन्य राज्यों के बीच पेट्रोल के दामों में लगभग 15 रुपये और डीजल के दामों में लगभग 11 रुपये तक का अंतर है। उन्होंने पहले दो बार में एक्साइज घटाकर पेट्रोल के दाम 13 रुपये प्रति लीटर कम हुए थे और डीजल 15 प्रति लीटर।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017